**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 17 जुलाई 2026, समय 13:05 (5 मिनट)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज जींद और सोनीपत के बीच जींद रेलवे स्टेशन पर भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हाइड्रोजन संचालित पहली ट्रेन का शुभारंभ रेलवे क्षेत्र में स्वच्छ और टिकाऊ गतिशीलता को अपनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भारत में डिज़ाइन, इंजीनियर और एकीकृत, ट्रेन को स्वदेशी तकनीक का उपयोग करके विकसित किया गया है, जो उन्नत रेलवे इंजीनियरिंग में देश की बढ़ती क्षमताओं को दर्शाता है। जींद-सोनीपत खंड पर 75 किलोमीटर प्रति घंटे की परिचालन गति और 110 किलोमीटर प्रति घंटे की डिजाइन गति के साथ पूरी तरह सुरक्षित है।

हमारे संवाददाता अश्विनी कुमार शर्मा ने बताया है कि तीन हज़ार 200 हॉर्सपावर की क्षमता के साथ यह दुनिया की सबसे शक्तिशाली हाइड्रोजन रेलगाड़ियों में से एक है। यह ट्रेन हाइड्रोजन फ्यूल सेल तकनीक से चलती है जो हाइड्रोजन को विद्युत में परिवर्तित करके ट्रेन को आगे बढ़ाती है। इस प्रकिया में केवल जल वाष्प उप उत्पाद के रूप में उत्पन्न होता है जिसके परिणाम स्वरूप रेल संचालन के दौरान कार्बन उत्सर्जन शून्य होता है। यात्रियों की सुरक्षा के लिए ट्रेन में आधुनिक बहु स्तरीय सुरक्षा प्रणाली लगाई गई है जो हाइड्रोजन रिसाव, अधिक तापमान, आग की लपटों और धुएं का तुरंत पता लगा सकती है।
और जानकारी लेते हैं हमारे संवाददाता से।

*आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के झंडी दिखाते ही देश की  पहली हाइड्रोजन ट्रेन ने ट्रैक पर दौड़ना शुरू कर दिया। इसके साथ ही भारत उन चुनिंदा देशों  में जर्मनी,*

*चीन , जापान और अमेरिका में शामिल हो गया जहां पहले से साफ और हरित तकनीक वाली हाइड्रोजन ट्रेन हैं। किन्तु जहां जर्मनी और चीन जैसे देश आमतौर पर दो या तीन कोच वाली छोटी हाइड्रोजन ट्रेन चलाते है वहीं भारत की इस दस कोच वाली ट्रेन की क्षमता लगभग 2 हजार 600 यात्रियों को ले जाने की है जो दुनियाभर की अन्य हाइड्रोजन ट्रेनों की तुलना में सबसे ज्यादा है। जींद से सोनीपत के बीच यह ट्रेन कुल 12 स्टेशनों पर रुकेगी और लगभग 2 घंटे में अपना सफर पूरा करेगी। 10 कोच वाली इस ट्रेन में ऑटोमैटिक दरवाजे, आरामदायक सीटें और एयर कंडीशनिंग की सुविधा उपलब्ध है। इसका किराया आम यात्री गाड़ियों के समान ही रखा गया है।*

*अश्विनी कुमार शर्मा, आकाशवाणी समाचार, चंडीगढ़*

************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज जींद से हरियाणा में 14 हजार 700 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में रेलवे की अनेक परियोजनाएं, विरासत से जुड़ी परियोजनाएं और भिवानी व महेंद्रगढ़ के कोरियावास का मेडिकल कॉलेज शामिल है।

श्री मोदी ने कहा कि आज जींद का नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया है। यहाँ से देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन देश को मिली है।

*************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा को देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है।

जींद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जन रैली को संबोधित करने से पहले मुख्यमंत्री ने श्री मोदी को मुखातिब होते हुए कहा -

*************************************************************

केन्द्रीय रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रैली में कहा कि देश के नेतृत्व के संकल्प से ही हाइड्रोजन ट्रेन की उपलब्धि हासिल हो पाई है।

*************************************************************